Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding need to establish a Kendriya Vidyalaya in Amreli in Gujarat- laid.

श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली): मैं **सरकार को** एक अति महत्वपूर्ण विषय से अवगत करवाना चाहता हूँ कि अमरेली में केंद्रीय विद्यालय खोले जाने को लेकर मैं पिछले कई वर्षों से प्रयत्नशील हूँ, मेरे अथाह प्रयास के फलस्वरूप केंद्रीय विद्यालय खोले जाने को लेकर सभी औपचारिकतायें पूरी हो चुकी है परन्तु पहले Challenging Method Committee की बैठक नहीं होने के कारण अमरेली में केन्द्रीय विद्यालय नहीं खुल पा रहा था जिसको मेरी जानकारी के अनुसार हाल में पूर्ण किया गया, फिर अब कुछ समय पूर्व यह बैठक पूर्ण हुई और उसके बाद भी अभी तक अमरेली में केंद्रीय विद्यालय को खोले जाने का अंतिम निर्णय नहीं हो पाया है । मेरे द्वारा केंद्रीय विद्यालय संगठन से संपर्क किये जाने पर यह पता चला है कि अभी वहां पर केंद्रीय विद्यालय खोले जाने में कुछ और समय लगेगा I मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली की जनता केन्द्रीय विद्यालय को लेकर अति उत्साहित है, इसलिए क्षेत्र के निवासियों को केन्द्रीय विद्यालय शीघ्र मिलना चाहिए जिससे कि अमरेली के बच्चे भी केंद्रीय विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर सकें I अतः मेरा मंत्री जी से निवेदन है कि जल्द से जल्द अन्य औपचारिकताओं को पूर्ण करके अमरेली में केन्द्रीय विद्यालय खोले जाने की औपचारिकतायें पूर्ण की जाये I